भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3471

उत्तर देने की तारीख : 23.03.2026

मराठवाड़ा के लिए एमएसएमई के अंतर्गत संयुक्त अंतर-मंत्रालयी कार्यदल

3471. डॉ. अजित माधवराव गोपछड़े :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि मराठवाड़ा, विशेष रूप से नांदेड़ में कपास, सोयाबीन, तुअर और तिलहन का पर्याप्त उत्पादन होने के बावजूद, प्रसंस्करण उद्योगों और एमएसएमई क्लस्टरों के अभाव के कारण मूल्य संवर्धन अन्य राज्यों में केंद्रित हो रहा है;

(ख) क्या सरकार इस क्षेत्र को कृषि-आधारित औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने हेतु एमएसएमई मंत्रालय के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और वस्त्र मंत्रालयों को सम्मिलित करते हुए अंतर-मंत्रालयी कार्यदल गठित करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी रूपरेखा और समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। इस योजना के तहत सामान्य सुविधा केंद्रो (सीएफसी) की स्थापना तथा औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स की स्थापना को भी इस योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की जाती है। एमएसई-सीडीपी एक मांग-आधारित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसमें राज्य सरकारें अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में मौजूदा क्लस्टरों की सामान्य आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव भेजती हैं।

महाराष्ट्र राज्य में एमएसई-सीडीपी के अंतर्गत सीएफसी और आईडी की स्थिति इस प्रकार है:-

राज्य	सीएफसी		आईडी	
	जारी	पूर्ण	जारी	पूर्ण
महाराष्ट्र	31	18	0	5

उपर्युक्त उल्लिखित पूर्ण/जारी सीएफसी परियोजनाओं में से कपास, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल हैं:-

महाराष्ट्र राज्य में पूर्ण हो चुके सामान्य सुविधा केंद्र :

क्र.सं.	पूर्ण हुए सामान्य सुविधा केंद्र (13)
1	पावरलूम क्लस्टर, शिरपुर, धुले में सामान्य सुविधा केंद्र
2	कॉटन फैब्रिक क्लस्टर, हातकणंगले, कोल्हापुर में सामान्य सुविधा केंद्र
3	गारमेंट क्लस्टर, इचलकरंजी, कोल्हापुर में सामान्य सुविधा केंद्र
4	दाल मिल क्लस्टर, नागपुर में सामान्य सुविधा केंद्र
5	गारमेंट क्लस्टर में सामान्य सुविधा केंद्र
6	राइस मिल क्लस्टर, रामटेक, नागपुर में सामान्य सुविधा केंद्र
7	टेक्सटाइल क्लस्टर, नवापुर, नंदूबार में सामान्य सुविधा केंद्र
8	टेक्सटाइल क्लस्टर, मालेगांव, नासिक में सामान्य सुविधा केंद्र
9	मैंगो प्रोसेसिंग क्लस्टर, रत्नागिरी में सामान्य सुविधा केंद्र
10	हल्दी क्लस्टर, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
11	टेक्सटाइल क्लस्टर, वीटा, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
12	किशमिश बनाने वाले क्लस्टर, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
13	टेरी टॉवल क्लस्टर, सोलापुर में सामान्य सुविधा केंद्र

महाराष्ट्र राज्य में जारी सामान्य सुविधा केंद्र :

क्र.सं.	चालू सामान्य सुविधा केंद्र (13)
1.	राइस मिल क्लस्टर, पावनी, भंडारा में सामान्य सुविधा केंद्र
2.	फूड प्रोसेसिंग (फ्रूट) क्लस्टर, सिल्लोड, औरंगाबाद में सामान्य सुविधा केंद्र
3.	टेक्सटाइल एंड गारमैंट डिजिटल प्रिंटिंग क्लस्टर, मिराज, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
4.	हेल्थ फूड क्लस्टर, सतारा में सामान्य सुविधा केंद्र
5.	किशमिश प्रोसेसिंग क्लस्टर, जाट, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
6.	मल्टीफ्रूट प्रोसेसिंग क्लस्टर, मनगांव, सिंधुदुर्ग में सामान्य सुविधा केंद्र
7.	नीलराज मल्टी फ्रूट और फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, सिंधुदुर्ग में सामान्य सुविधा केंद्र
8.	कॉटन टू फैब्रिक क्लस्टर, नरदाना, धुले में सामान्य सुविधा केंद्र
9.	गुड़ वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स क्लस्टर, जलकोट तालुका, लातूर में सामान्य सुविधा केंद्र
10.	रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर, भिवंडी, ठाणे में सामान्य सुविधा केंद्र
11.	मक्का प्रोसेसिंग क्लस्टर, सांगली में सामान्य सुविधा केंद्र
12.	टेक्सटाइल फैशन प्रिंटिंग, क्लस्टर, कागल, कोल्हापुर में सामान्य सुविधा केंद्र
13.	डिजिटल इमेज और प्रिंट पैक क्लस्टर, शिकरापुर, पुणे में सामान्य सुविधा केंद्र

(ख) और (ग) : ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****